भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1505 का उत्तर

उत्तम रेक

1505. डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः

श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

श्री विनायक भाऊराव राऊतः

श्री हेमन्त पाटिलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय रेलवे ने हाल ही में पश्चिमी रेलवे का 69वां स्थापना दिवस मनाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान एकीकृत कोच फैक्ट्री द्‌वारा कितने उत्तम रेक का निर्माण किया गया है;

(ग) क्या भारतीय रेलवे ने मुंबई वासियों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक 'उत्तम रेक' की शुरुआत की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्तम रेक की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(घ) क्या सरकार महिलाओं के लाभ हेतु महिला विशेष लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उक्त मुद्दे पर कब तक निर्णय लिए जाने की संभावना है और सरकार द्‌वारा भारतीय रेलवे की उपनगरीय रेलगाड़ियों में रेल यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्‌योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी नहीं। पश्चिम रेलवे के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोई औपचारिक कार्यक्रम अथवा समारोह आयोजित नहीं किया गया।

(ख): सवारी डिब्बा कारखाना/चेन्नै द्‌वारा दो उत्तम रेकों का विनिर्माण किया गया है। एक पश्चिम रेलवे को और दूसरा मध्य रेलवे को आवंटित किया गया है।

(ग): जी हां। पश्चिम रेलवे द्वारा 15.10.2019 को मुंबई की लोकल गाड़ियों के लिए अत्याधुनिक उत्तम रेक यूनिट नम्बर 5533/5534 की शुरुआत की गई है।

उत्तम रेकों की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:-

- प्रत्येक सवारी डिब्बे में क्लोज सर्किट टेलिविजन (सीसीटीवी) कैमरे लगे हैं।
- आपातकालीन चेन के स्थान पर आपातकालीन पुश बटन लगाए गए हैं।
- मनमोहक रंगों वाले फाइबर रिइनफोर्स प्लास्टिक (एफआरपी) से बने इंटीरियर पैनल।
- एफआरपी से बनी सीटें जिन्हें वुड फिनिश दी गई है।
- एफआरपी चढ़े पार्टीशन की व्यवस्था।
- आधुनिक और चौड़े लगेज रेक।
- चोरी को रोकने के लिए सवारी डिब्बों में एंटी-डेन्ट पार्टीशन।
- सभी सवारी डिब्बों में बेहतर दोहरे लॉक स्टॉपर और दोहरे स्लॉट हैन्डल वाली खिड़कियां।
- मजबूत पकड़ के लिए चौड़े और बेहतर ग्रेब हैंडल।
- सभी सवारी डिब्बों में आधुनिक पाउडर लगे ब्रश-लेस डीसी (बीएलडीसी) पंखे जो परंपरागत पंखों की तुलना में 30% ऊर्जा की खपत करते हैं।
- आधुनिक किस्म की डिफ्यूज की गई एलईडी लाइटों की व्यवस्था।
- परंपरागत आपातकालीन चेन के स्थान पर बिजली चालित यात्री अलार्म प्रणाली।
- चोरी को हतोत्साहित करने के लिए फर्श पर एल्युमिनियम चढ़ी छद्दम किस्म वाली पट्टियों की व्यवस्था।
- सभी यात्रियों की सीटों के पास स्टेनलेस स्टील की रक्षात्मक प्लेट ताकि पैरों के घर्षण से रंग खराब न हो।
- लाल आपातकालीन बटन।

(घ) और (ङ): भारतीय रेल पर महिला स्पेशल गाड़ियों सहित अतिरिक्त गाड़ियां चलाना एक सतत प्रक्रिया है। इस समय, मुंबई उपनगरीय खंड पर 14 महिला स्पेशल गाड़ियां चलाई जा रही हैं, और इसके अलावा, 20 अन्य गाड़ियां में प्रतिदिन तीन सवारी डिब्बे आंशिक रूप से महिलाओं के लिए निर्धारित किए जाते हैं।

****